कार्यालय अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध कमिश्नरेट वाराणसी।

दिनांक : 30.12.2024

प्रेस नोट

पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय के निर्देशन व ममता रानी अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध के कुशल पर्यवेक्षण में छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम Student Police Experiential Learning (SPEL) Programme 2.0 कमिश्नरेट वाराणसी के 09 थानों पर चलाया जा रहा है।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में चलाये जा रहे 30 दिवसीय Student Police Experiential Learning (SPEL) Programme के अन्तर्गत कमिश्नरेट वाराणसी के कुल 09 थानों पर 30 दिवसीय अनुभवात्मक सिखलायी Experiential Learning (दिनांक 20.12.2024 से प्रारम्भ) इस उद्देश्य से करायी जा रही है कि छात्र/छात्राओं की संज्ञानात्मक (Cognitive) व लोक कौशल (People Skill) में सुधार हो और साथ ही साथ वे कानून व आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियत्रंण, साइबर क्राइम, मानव तस्करी, कानून-व्यवस्था इत्यादि जैसे विषयों पर प्रशिक्षण इन्टर्न के रूप में प्राप्त कर सके। यह कार्यक्रम थाना कैण्ट, सिगरा, मण्डुवाडीह, लंका, भेलूपुर, चितईपुर, चेतगंज, चौबेपुर, कोतवाली पर चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 120 घण्टो की सिखलाई प्रत्येक दिन 04 घण्टे के आधार पर 30 दिवस में पूर्ण करायी जायेगी।

यह कार्यक्रम छात्र/छात्राओ के अंदर की प्रतिभा को और निखारने तथा पुलिस की स्थिति परिस्थिति को समझने में मदद करेगा सभी छात्र/छात्राओं का **mybharat.gov.in** पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया है तथा चयनित थानों पर 01-01 उप निरीक्षक को थाना स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया गया। थानास्तर पर 20 दिवस तक 05-06 छात्र/छात्राओं को अनुभवात्मक सिखलायी (Experiential Learning) करायी जा रही है तथा सफलतापूर्वक सिखलाई पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित भी किया जायेगा।

आज दिनांक 30.12.2024 को SPEL Programme 2.0 के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को **स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम(एनडीपीएस एक्ट 1985) व मानव तस्करी आदि विशेष अपराधों सम्बन्धी अधिनियम व इसके प्रावधानों** के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा थानों पर पंजीकृत ऐसे अभियोगों के बारे में जानकारी देते हुए विस्तृत चर्चा की गयी।

अपर पुलिस उपायुक्त
महिला अपराध
कमिश्नरेट वाराणसी।